
## महत्वपूर्ण एवं खास



### रेल परियोजना कोरबा से धरमजयगढ़ रेल लाईन निर्माण के लिए सुनवाई 9 मार्च को

**रायगढ़।** रेल परियोजना कोरबा से धरमजयगढ़ रेल लाईन निर्माण के लिए अनुविभाग धरमजयगढ़ के ग्राम बायसी कालोनी की निजी भूमि अधिग्रहण की कार्यवाही भारतीय रेल अधिनियम 1989 (संशोधित)के अनुसार धारा 20 (ए)की जा रही है। इस संदर्भ में जिन कृषकों द्वारा आपत्ति प्रस्तुत किया गया है अथवा आपत्ति प्रस्तुत किया जाना है, जिसके लिए अनुविभागीय अधिकारी राजस्व धरमजयगढ़, रायगढ़ में 9 मार्च 2022 समय पूर्वान्ह 11 बजे से कार्यालयीन समय तक सुनवाई हेतु प्रभावित गांव-अनुविभाग धरमजयगढ़ के ग्राम बायसी कालोनी पर किया जाएगा। यदि किसी हितबद्ध कृषक को किसी प्रकार से जानकारी प्राप्त करना हो तो वह स्वयं सुनवाई में भाग ले सकता है।

### डम्फर की चपेट में आने से माँ-बेटे की मौत

**भिलाई (आरएनएस)।** डंपर की टक्कर से मां-बेटे की मौत हो गई। दोनों स्कूटी से ट्रांसपोर्ट नगर जा रहे थे। तभी सामने से आए डंपर ने उन्हें टक्कर मार दी। हादसे के बाद चालक डंपर छोडक़र भाग निकला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है। हादसा खुर्सीपार थाना क्षेत्र में हुआ है। जानकारी के मुताबिक, पुरैना के डाकबंगला निवासी शशिकला मिश्रा अपने बेटे अश्वनी मिश्रा (30) को उसके काम पर छोडऩे के लिए सुबह करीब 8 बजे स्कूटी से ट्रांसपोर्ट नगर जा रही थीं। अभी वे डबरापारा तिराहे पर पहुंचे थे कि सामने से आ रहे डंपर ने उन्हें टक्कर मार दी। हादसे के बाद स्कूटी डंपर में फंसकर घिसटती चली गई। हादसा होते देख लोगों ने शोर मचाया तो चालक डंपर छोडक़र भाग निकला।

### मोबाईल दुकान का ताला टूटा, 3 लाख रूपये के 40 नग मोबाईल चोरी

**रायपुर (आरएनएस)।** राजधानी के कबीरनगर थाना क्षेत्र में स्थित एक मोबाईल दुकान का ताला तोडक़र अज्ञात चोरो ने विभिन्न कंपनियों के 40 नग मोबाईल फोन चोरी कर ले गये, जिसकी कुल कीमत लगभग 03 लाख रूपये आंकी गयी है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार कबीरनगर क्षेत्र के आदर्श चौक के पास स्थित ओम शांति मोबाईल पार्ट दुकान में 01 मार्च की देर रात में अज्ञात चोरों ने दुकान का ताला तोडक़र अंदर विभिन्न कंपनियों के रखे करीब 40 नग मोबाईल फोन चोरी कर ले गये, जिसकी कीमत लगभग 03 लाख रूपये आंकी गयी है। घटना की रिपोर्ट दुकान मालिक प्रकाश चंद्राकर ने दर्ज कराई। पुलिस ने मामले में अज्ञात चोरों के खिलाफ धारा 456, 380 के तहत अपराध दर्ज किया है।

### भृत्य पद की मेरिट सूची जारी

**कांकेर (आरएनएस)।** विशेष कनिष्ठ चयन बोर्ड, बस्तर संभाग जगदलपुर के माध्यम से जिला कांकेर में भृत्य पद की सीधी भर्ती के लिए मेरिट सूची जारी कर दी गई है, जिसका अवलोकन कांकेर जिले की वेबसाईट पर किया जा सकता है।

### ठेलों में लोगों को शराब पीलाते चार गिरफ्तार, दो आम जगह पर शराब पीते पकड़ाये

**रायपुर (आरएनएस)।** आम जगहों पर शराब पीने वालों और ठेला-गुमटी में लोगों को अवैध रूप से शराब पीलाने वालों के खिलाफ पुलिस लगातार अभियान चला रही है। इसी कड़ी में राजधानी पुलिस ने 2 मार्च की देर शाम में पुरानी बस्ती थाना क्षेत्र और मंदिर हसौद थाना क्षेत्र में 04 ठेला संचालकों के खिलाफ के खिलाफ कार्रवाई की गई। ठेला संचालकों द्वारा अपने ठेले में लोगों को अवैध रूप से शराब पिलाई जा रही थी। इस मामले में गिरफ्तार आरोपियों में राकेश देवांगन पिता महेतरू 40 वर्ष, सम्भु यादव पिता मनोहर 33 वर्ष, नरोत्तम निषाद पिता कृपाराम 33 वर्ष एवं ओम प्रकाश निषाद पिता रामाकिशुन 35 वर्ष शामिल है। आरोपियों के विरूद्ध आबकारी एक्ट 36सी के तहत कार्रवाई की जा रही है। इसी प्रकार आजाद चौक थाना क्षेत्र में आम जगह पर शराब पीते हुए 02 लोगों निशान बंछोर पिता भाउदास 36 वर्ष व केजूराम पाल पिता द्वारिका 35 वर्ष को गिरफ्तार किया गया है। इन आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट 36च के तहत कार्रवाई की गई।

# लैलूंगा से लापता हुए युवक का ओड़िशा के मासाबीरा डेम के पास मिला शव : ब्लांड मर्डर के दो आरोपी गिरफ्तार

- लैलूंगा व लेफरीपाड़ा पुलिस की संयुक्त कार्रवाई
- उधारी रुपए को लेकर दो दोस्तों ने मिलकर की थी हत्या, घटना में प्रयुक्त लोहे का रॉड व मोबाइल जब्त



**रायगढ़।** दिनांक 16.02.2022 को थाना लैलूंगा के ग्राम छातासराई निवासी अमृतलाल पटेल द्वारा उसके रिस्तेदार दीपक पटेल पिता वेदराम पटेल उम्र 21 साल निवासी ग्राम छातासराई थाना लैलूंगा के दिनांक 15.02.2022 के शाम अपने किसी दोस्त के साथ जाना व वापस नहीं आना बताकर गुम इंसान रिपोर्ट दर्ज कराया। दीपक के परिजन बताये कि दीपक के मोबाइल पर संपर्क का प्रयास किये तथा उसके दोस्तों से पूछताछ किये हैं, पता नहीं चला है। परिजन दीपक के अचानक कहीं चले जाने पर काफी परेशान थे। लैलूंगा पुलिस द्वारा दीपक पटेल का गुम इंसान दर्ज कर पतासाजी में लिया गया। दूसरे ही दिन दिनांक 17.02.2022 को थाना प्रभारी लेफरीपाड़ा जिला सुन्दरगढ़ (ओड़िशा) द्वारा थाना प्रभारी लैलूंगा को मासाबीरा डेम के पास एक अज्ञात युवक उम्र करीब 20-25 साल का शव मिलने की सूचना देकर शव का फोटो व्हाटसअप किया गया। शव एवं गुम इंसान का मिलान होने पर थाना प्रभारी लैलूंगा द्वारा गुम इंसान के परिजनों को सूचित किया गया जो घटनास्थल शव जाकर मृतक के दीपक पटेल के रूप में शिनाख्त किये। घटना के संबंध में थाना लेफरीपाड़ा जिला सुन्दरगढ़ में अज्ञात आरोपी के विरूद्ध अप.क्र. 30/2022 धारा 302, 201, 120(B) IPC के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

मृतक दीपक पटेल के परिजन दीपक की हत्या की जानकारी पाकर पूरी तरह से टूट चुके थे उन्हें विश्वास ही नहीं हो रहा था कि दीपक की किसी ने हत्या की है। दीपक मूलत: लैलूंगा का होने से परिजन अज्ञात आरोपियों की पतासाजी को लेकर एसडीओपी धरमजयगढ़ दीपक मिश्रा तथा थाना प्रभारी लैलूंगा निरीक्षक रूपेन्द्र नारायण साय से मिले। घटना एसपी अभिषेक मीणा के संज्ञान में आने पर मामले की संजीदगी को देखते हुये एसडीओपी धरमजयगढ़ एवं थाना प्रभारी लैलूंगा को ओडिशा पुलिस के साथ मिलकर शीघ्र अज्ञात आरोपियों की पतासाजी कर मृतक के परिजनों को न्याय दिलवाने का निर्देश दिया गया।

एसपी मीणा के निर्देशन पर एसडीओपी धरमजयगढ़ दीपक मिश्रा द्वारा लेफरीपाड़ा पुलिस टीम का मार्गदर्शन कर लेफरीपाड़ा टीआई हेमांगिनी गार्डिया एवं टीआई लैलूंगा आर.एन. साय की टीम को गुम इंसान/मृतक से मेल मिलाप रखने वालों को सर्विलांस में रखकर घटना के पूर्व सारे संदिग्धों की गतिविधियों की जांच करने का निर्देश दिया गया। जिस पर मृतक से सम्पर्क में आये ग्राम नहरकेला, लैलूंगा निवासी राजेश भोय की भूमिका संदिग्ध होना पता चला। पुलिस टीम राजेश भोय को हिरासत में लेकर लेफरीपाड़ा पहुंची जहां राजेश भोय से पूछताछ में उसके साथी सुधीर मिंज निवासी कोकियाखार कोतबा, जशपुर की घटना में संलिप्तता के महत्वपूर्ण जानकारी हासिल हुई जिस पर संदेही सुधीर मिंज की पतासाजी कर हिरासत में लेकर पूछताछ किया गया। दोनों संदेहियों से अलग-अलग पूछताछ में विरोधाभाष आने पर दोनों से कड़ी पूछताछ करने पर दोनों मिलकर दीपक पटेल की हत्या करना स्वीकार किये।

आरोपियों ने लेफरीपाड़ा पुलिस को दिये अपने मेमोरेंडम पर बताये कि दीपक पटेल (मृतक) सुधीर मिंज से 20,000 रूपये उधार लिया था। सुधीर मिंज 20 हजार रूपये उधार के बदले 30 हजार रूपये की मांग दीपक से कर रहा था। इस बात को लेकर दोनों में मन मुटाव था, इसी बीच सुधीर मिंज अपने साथी राजेश भोय को दीपक के पैसे नहीं लौटाने और टाल मटोल करना बताया जिस पर दोनों दीपक कर हत्या की प्लानिंग बनाये और प्लोलिंग के तहत दोनों दिनांक 15.02.2022 को शराब पीने के बहाने दीपक पटेल को गांव से साथ ले गये और मासाबीरा बांध पर लोहे के जैक रॉड से सुधीर मिंज दीपक के सिर पीछे मारकर उसकी हत्या कर दिया। दोनों आरोपियों के मेमोरेंडम पर लेफरीपाड़ा पुलिस द्वारा आरोपियों के मोबाइल, घटना में प्रयुक्त रॉड, कपड़े व अन्य महत्वपूर्ण साक्ष्य की जप्ती की गई है। दोनों आरोपी (1) राजेश भोय उर्फ पप्पू पिता इन्द्रजीत भोय उम्र 23 साल निवासी ग्राम नहरकेला थाना लैलूंगा जिला रायगढ़ (2) सुधीर कुमार मिंज पिता श्रीधर मिंज उम्र 22 साल निवासी कोकियाखार चौकी कोतबा थाना बागबहार जिला जशपुर छ.ग. को लेफरीपाड़ा पुलिस द्वारा षडयंत्र कर युवक की हत्या करने के अपराध में दिनांक 01.03.2022 को गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया है।

एसडीओपी धरमजयगढ़ दीपक मिश्रा के नेतृत्व में लेफरीपाड़ा व लैलूंगा पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में पुलिस को इस अंधे कत्ल का पर्दाफाश करने में सफलता मिली है जिसमें लेफरीपाड़ा टीआई हेमांगिनी गार्डिया, लैलूंगा टीआई रूपेन्द्र नारायण साय तथा उनकी टीम की सराहनीय भूमिका रही है।

## स्वास्थ्य विभाग में रिक्त संविदा भर्ती के लिए वॉक इन इंटरव्यू 10 से 12 मार्च तक




**रायगढ़।** रायगढ़ जिले में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत स्वीकृत नवीन एवं रिक्त पदों के विरूद्ध संविदा नियुक्ति हेतु वॉक-इन-इंटरव्यू के माध्यम से आवेदन पत्र आमंत्रित कर कौशल परीक्षा, लिखित परीक्षा एवं साक्षात्कार का आयोजन मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय, रायगढ़ में 10 से 12 मार्च 2022 तक किया जाएगा।

जिन पदों पर संविदा भर्ती की जानी है इनमें ब्लॉक मैनेजर डाटा (एनएचएम)में 1 पद, ब्लॉक मैनेजर एकाउंट (एनएचएम) में 1 पद, जनरल सेकेरेट्रियल अस्सिटेन्ट (यूएचडब्ल्यूसी) में 6 पद, स्टाफ नर्स (यूएचडब्ल्यूसी)में 6 पद, एमपीडब्लयू(एम)(यूएचडब्ल्यूसी)में 6 पद तथा चतुर्थ श्रेणी (यूएचडब्ल्यूसी)में 6 पद रिक्त है। आवेदक निर्धारित प्रारूप में आवेदन वॉक इन इंटरव्यू तिथि को ही उपस्थित होकर जमा कर सकते है। सुबह 9 से 11 बजे तक पंजीयन किया जाएगा। पात्र एवं अपात्र सूची का प्रकाशन दोपहर 1 बजे तक, दावा-आपत्ति दोपहर 2 से 3 बजे तक, दावा-आपत्ति का निराकरण शाम 4 बजे से एवं दावा-आपत्ति के निराकरण पश्चात शाम 4.30 बजे से वॉक इन इंटरव्यू/कौशल परीक्षा होगी। आवेदन संख्या अधिक होने पर आगामी तिथि को प्रात:10 से दोपहर 12 बजे तक कौशल परीक्षा ली जाएगी। इस संबंध में अन्य विस्तृत जानकारी रायगढ़ जिले की वेबसाईट www.raigarh.gov.in में उपलब्ध है।

### क्वांटिफायबल डाटा आयोग आज बिलासपुर नगर निगम और मुंगेली जिले की नगर पंचायतों में सर्वे कार्य की करेगा समीक्षा

**रायपुर (आरएनएस)।** क्वांटिफायबल डाटा आयोग द्वारा 4 मार्च को नगर निगम बिलासपुर और मुंगेली जिले की नगर पंचायत मुंगेली, लोरमी, पथरिया और सरगांव में अन्य पिछड़ा वर्ग तथा आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के सर्वे कार्य की प्रगति की समीक्षा करेगा। आयोग के सचिव से प्राप्त जानकारी के अनुसार क्वांटिफायबल डाटा आयोग के अध्यक्ष 4 मार्च को सबेरे 9.30 बजे रायपुर से कार द्वारा रवाना होकर पूर्वान्ह 11.30 बजे बिलासपुर पहुंचेंगे और वहां नगर निगम कार्यालय में समीक्षा बैठक लेंगे। बैठक में नगर निगम बिलासपुर के महापौर, सभापति, पार्षदों तथा सर्वे कार्य में नियुक्त अधिकारियों-कर्मचारियों को उपस्थित होने के निर्देश दिए गए हैं।

## छर्राटांगर में लगी शासकीय योजनाओं की छायाचित्र प्रदर्शनी



**रायगढ़।** कलेक्टर भीम सिंह के मार्गदर्शन में राज्य शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं एवं उपलब्धियों के प्रचार-प्रसार के लिए जनसंपर्क विभाग द्वारा विकासखंड घरघोड़ा के ग्राम छर्राटांगर में एक दिवसीय प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी के अवलोकन में पहुचे छविराम राठिया, जोसी राम राठिया एवं पुरूषोत्तम दास महंत ने कहा कि गोधन न्याय योजना, पुल पुलिया निर्माण के लक्ष्य तथा सरकार पहुंची जन-जन के करीब के तहत नए राजस्व अनुभाग का गठन महत्वपूर्ण है। इससे आम जन तक प्रशासनिक इकाई की पहुंच बढ़ेगी। जिससे दूरी और समय में बचत होगी। गोधन न्याय योजना से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को बल मिला है। सरकार की योजनाएं ग्रामीणों के लिए लाभकारी साबित हो रही है। जीवन राठिया, महेश राठिया, गौतम राठिया, नेत्रा राठिया, राजकुमारी तथा अस्मिता राठिया सहित अन्य स्कूली छात्र-छात्राओं ने भी उत्सुकता के साथ प्रदर्शनी का अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि प्रदर्शनी में शासन की विभिन्न योजनाओं की जानकारी मिल रही है। स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी स्कूल के माध्यम से संचालित अंग्रेजी स्कूलों का विस्तार होना चाहिए। जिससे ग्रामीणों छात्रों को भी लाभ मिल पाएगा।

सूचना शिविर सह छायाचित्र प्रदर्शनी के माध्यम से ग्रामीणों को राज्य शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाएं जैसे राजीव गांधी किसान न्याय योजना, मुख्यमंत्री वृक्षारोपण प्रोत्साहन योजना, जल जीवन मिशन, सुराजी गांव, नरवा गरवा घुरवा बाड़ी योजना, वनोपज संग्रहण, जलजीवन, छत्तीसगढ़ मॉडल, रोका छेका, धन्वंतरी, बिजली बिल हॉफ, राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय, छत्तीसगढ़ महतारी दुलार, गोधन न्याय योजना आदि की जानकारी दी गई। प्रदर्शनी में शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं से संबंधित बुकलेट, पम्पलेट, ब्रोशर एवं जन-मन पुस्तिका का नि:शुल्क वितरण किया गया।

## मनरेगा से बने शेड ने बकरी पालन व्यवसाय को दी मजबूती

- चंपाबाई ने 6 महीने में ही कमाए 89 हजार रुपए, बकरियों की संख्या 4 से बढ़कर 26 हुई



**रायगढ़।** बकरी पालन के लिए मनरेगा (महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम) से पक्का शेड बनने के बाद चंपाबाई अब व्यवस्थित ढंग से अपने व्यवसाय को आगे बढ़ा पा रही है। शेड बनने से पहले उसके पास केवल चार बकरी थी। मनरेगा के माध्यम से घर में बकरी शेड बनने के बाद उसके बकरी पालन के व्यवसाय ने जोर पकड़ा और कमाई बढऩे लगी। अब उसके पास 26 बकरे-बकरियां हो गए हैं। बकरी पालन से उसने छह महीने में ही 89 हजार रूपए कमाए हैं।

रायगढ़ जिले के बटाऊपाली (ब) की चम्पाबाई बकरी पालन से अपने परिवार की आर्थिक हालात सुधार रही है। उसके इस काम में घर में मनरेगा से निर्मित बकरी पालन शेड ने बड़ी भूमिका निभाई है। चंपाबाई की लगन, मेहनत और मनरेगा के सहयोग से उसका व्यवसाय तेजी से फल-फूल रहा है और अच्छी आमदनी हो रही है। सारंगढ़ विकासखंड के बटाऊपाली (ब) ग्राम पंचायत की मां गंगा स्व-सहायता समूह की सदस्य चंपाबाई के परिवार के पास करीब पांच एकड़ जमीन है। इसमें से केवल तीन एकड़ में ही खेती-बाड़ी हो पाती है। खेती के बाद के समय में मजदूरी कर परिवार गुजर-बसर करता है। चंपाबाई ने घर की आमदनी बढ़ाने के लिए बकरी पालन का काम शुरू किया। लेकिन कच्चा और टूटा-फूटा कोठा के कारण इसमें बहुत कठिनाई हो रही थी। वह इसे व्यवस्थित ढंग से आगे नहीं बढ़ा पा रही थी। अपनी परेशानी को उसने समूह की बैठक में रखा। समूह की सलाह पर उसने मनरेगा के तहत अपनी निजी भूमि पर पक्का कोठा के निर्माण के लिए ग्राम पंचायत को आवेदन दिया।

मनरेगा के अंतर्गत वर्ष 2020-21 में बतौर हितग्राही चम्पाबाई की निजी जमीन पर 61 हजार रूपए की लागत के बकरी शेड निर्माण (कोठा) के लिए प्रशासकीय स्वीकृति मिली। लगातार 15 दिनों के काम के बाद दिसम्बर-2020 में उसका कोठा बनकर तैयार हो गया। इस काम में उसके और गांव के एक अन्य परिवार को 34 मानव दिवसों का सीधा रोजगार भी प्राप्त हुआ, जिसके लिए करीब साढ़े छह हजार रूपए का मजदूरी भुगतान किया गया। शेड बनने के बाद चंपाबाई को बकरी पालन के लिए पर्याप्त जगह मिली और उसका धंधा जोर पकडऩे लगा।

पक्का बकरी शेड निर्माण के पहले चम्पाबाई के पास केवल चार बकरी थी। शेड बनने के बाद उसने चार और बकरियां खरीदीं। इन बकरियों से जन्मे मेमनों के बाद उसके पास कुल 26 बकरे-बकरियाँ हो गए हैं। इनमें से 15 बकरे-बकरियों को बेचकर उसने छह महीनों में 89 हजार रूपए कमाए हैं। वह बकरी को पांच हजार रूपए और बकरा को सात हजार रूपए की दर से बेचती है। बकरी पालन से कम समय में हुए इस लाभ से चंपाबाई खुश है। इससे उसकी माली हालत तो सुधरी ही, घर के लिए उसने नई टीवी, पंखा और आलमारी भी खरीदी है।

श्रीमती चंपाबाई बकरी पालन के अपने इस धंधे को और आगे बढ़ाना चाहती है। वह कहती है कि अगर उसे बकरी पालन के लिए मनरेगा से शेड नहीं मिलता, तो वह अपना काम आगे नहीं बढ़ा पाती। अब वह गांव के दूसरे लोगों को भी बकरी पालन को व्यवसाय के रूप में अपनाने के लिए प्रोत्साहित कर रही है।

## आज मार्च से 8 अप्रैल तक मनाया जाएगा शिशु संरक्षण माह



**रायगढ़।** राज्य शासन के निर्देशानुसार जिले में 04 मार्च से 08 अप्रैल 2022 तक समस्त ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में शिशु संरक्षण माह का आयोजन किया जाएगा। उक्त अभियान अंतर्गत प्रत्येक मंगलवार एवं शुक्रवार को गर्भवती माताओं एवं बच्चों को टीकाकृत कर जिले के 09 माह से 5 वर्ष तक के बच्चों को विटामिन ए की दवा तथा के 06 माह से 5 वर्ष तक के बच्चों को आईएफ.ए सिरप पिलाया जाएगा।

जिला टीकाकरण अधिकारी, डॉ.बी.पी. पटेल ने बताया कि विटामिन ए का नियमित खुराक प्रत्येक छ: माह में एक बार लेने से बच्चों में रतौंधी, दस्त, श्वांस, संक्रमण, बुखार तथा कुपोषण की संभावना कम हो जाती है। अत: 9 माह से 5 वर्ष के सभी बच्चों को विभिन्न रोगों से बचाव करने वाली विटामिन ए की खुराक अवश्य पिलायें। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.एस.एन.केसरी ने जिले के समस्त हितग्राहियों को उक्त तिथियों में शिशु संरक्षण माह के दौरान आयोजित सत्रो में दी जाने वाली सेवाओं का लाभ लेने हेतु आव्हान किया है।

## सी-मार्ट में महिला समूहों द्वारा बनाये उत्पाद बढ़ाने मांग व आपूर्ति पर करें फोकस- कलेक्टर सिंह

- कलेक्टर सिंह ने ली आजीविका संवर्धन से जुड़े विभागों की समीक्षा बैठक





**रायगढ़।** शासन द्वारा महिला समूहों के उत्पाद के विक्रय में वृद्धि तथा बेहतर बाजार मुहैय्या कराने के लिए सी-मार्ट प्रारंभ किया जा रहा है। इस सी-मार्ट के माध्यम से जिला मुख्यालय में अलग-अलग विकासखण्डों में विशेष रूप से तैयार होने वाले उत्पादों को उपभोक्ताओं तक सीधे पहुंचाया जा रहा है। यहां महिला समूहों द्वारा तैयार उत्पाद का विक्रय बढ़ाने के लिए उपभोक्ताओं के बीच व्यापक प्रचार-प्रसार करते हुए मांग व आपूर्ति चक्र पर फोकस किया जाए। उक्त बाते कलेक्टर भीम सिंह ने आज आजीविका से जुड़े विभागों की बैठक में कही।

कलेक्टर सिंह द्वारा सी-मार्ट संचालन के बारे में जानकारी लेने पर प्रभारी अधिकारी ने बताया कि यहां लैलूंगा से मिट्टी के बर्तन व जवाफूल चावल, धरमजयगढ़ से सवई घास के घरेलू उपयोग के प्रोडक्ट, घरघोड़ा में तैयार हो रही लाख की चूडिय़ां, दालें, बड़ी, आचार और अन्य घरेलू उपयोग के सामान विक्रय के लिए रखे गए है। पिछले 15 दिनों में यहां 90 हजार से अधिक का सामान बेचा गया है। इस पर कलेक्टर सिंह ने सी-मार्ट में प्रोडक्ट की रेंज बढ़ाते हुए डिमांड व सप्लाई पर फोकस करने के निर्देश दिए। ज्यादा मांग वाले उत्पादों को तैयार करने हेतु अधिक महिला समूहों को जोडऩे व उन्हें ट्रेनिंग देने की बात उन्होंने कही। कलेक्टर सिंह ने समूहों के उत्पाद के मार्केट लिंकेज के लिए जिले में संचालित कम्पनीज से टाईअप के निर्देश दिए।

बैठक में कलेक्टर सिंह ने मुख्यत: विभागीय योजनाओं के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार सृजन और गौठानों में संचालित होने वाली गतिविधियों की विस्तार से समीक्षा की। कलेक्टर सिंह ने कहा कि शासन की योजना के तहत गौठानों में रूरल इंडस्ट्रियल पार्क (रीपा) विकसित किये जा रहे है, जिसमें पारंपरिक व्यवसायों को सहेजने संवारने की पहल भी की जा रही है। कलेक्टर सिंह ने कहा कि विभिन्न समूहों के बांस, मिट्टी से बने उत्पाद, तेल पेराई जैसे पारंम्परिक कार्यो को गौठानों की मल्टी एक्टीविटी में शामिल किया जा रहा है। प्रभारी अधिकारी ने बताया कि बंसोड़ समुदाय को कार्य करने के लिए गौठान में जगह उपलब्ध करायी गयी है तथा उन्हें वन विभाग द्वारा बांस प्रदान किया जा रहा है। कलेक्टर सिंह ने सभी चिन्हांकित गौठानों में मल्टी एक्टीविटी के तहत आजीविका मूलक कार्यो को बढ़ाने के निर्देश दिए। उन्होंने गौठानों में वर्मी कम्पोस्ट निर्माण की जानकारी ली और कम्पोस्ट के तत्काल उठाव करवा कर समितियों में भंडारित करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर सिंह ने रेशम विभाग द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की। प्रभारी अधिकारी ने बताया कि रेशम के ताने जिले में तैयार करने के लिए प्रशिक्षण दिया जा रहा है। रेशम के ताने तैयार होने पर उसे बुनकरों को कपड़ा तैयार करने के लिए उपलब्ध कराया जाएगा। एफआरए के तहत किए जा रहे कार्यो की समीक्षा की। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास ने बताया कि विभाग द्वारा वनअधिकार पत्र वितरण, कुऑ, डबरी निर्माण एवं समतलीकरण का कार्य किया जा रहा है। कृषि विभाग द्वारा बताया गया कि केसीसी निर्माण का कार्य किया जा रहा है। कलेक्टर सिंह ने पशुपालन, मछली एवं उद्यान विभागों को केसीसी निर्माण में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने धरमजयगढ़ विकासखण्ड के खलबोरा में विभागों द्वारा तैयार किए गए योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने सभी विभागों को हितग्राहियों के प्रशिक्षण के साथ उनको उपलब्ध करायी जाने वाली सामग्री व उपकरण तथा निर्माण कार्यों को जल्द पूर्ण करने के लिए कहा। जिले में नाबार्ड द्वारा आजीविका संवर्धन के लिए किए जा रहे 'वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्टÓ के तहत टोमेटो प्रोसेसिंग प्रोजेक्ट का काम तेजी से आगे बढ़ाने के लिए कहा। साथ ही उन्हें ट्रेनिंग प्रोग्राम भी जल्द पूरा करने के निर्देश दिए।

इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत डॉ.रवि मित्तल, सहायक संचालक जिला पंचायत महेश पटेल, सहायक आयुक्त आदिवासी अविनाश श्रीवास, उप संचालक रेशम कंवर सहित संबंधित विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480